भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3300
जिसका उत्तर मंगलवार, 17 मार्च, 2015 को दिया जाना है

**एचईसी कर्मचारियों को सांविधिक लाभ**

**3300. श्री राम टहल चौधरीः**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी), रांची के कर्मचारियों के सांविधिक लाभ ऐसे कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के पश्चात भी लंबे समय से लंबित है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है; और

(ग) यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं कि उक्त भुगतान समय पर किए जाएं और इस संबंध में कितनी सफलता मिली है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**
**(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)**

**(क) और (ख):** एचईसी ने सूचित किया था कि कंपनी एचईसी के सेवानिवृत्त हो गए कर्मचारियों को अत्यधिक वित्तीय अभाव के कारण वर्ष 2011 से सांविधिक देयों अर्थात् उपदान राशि का भुगतान नहीं कर सकी है। यह, साख पत्र और बैंक गारंटी की आवश्यकता में वृद्धि के कारण कार्यशील पूंजी आवश्यकता में वृद्धि तथा विभिन्न लागतों में वृद्धि के कारण था।

**(ग):** एचईसी ने 31.03.2014 तक के सांविधिक देयों के समापन के लिए ₹47.89 करोड़ के ऋण के लिए अनुरोध किया था। एचईसी के सेवानिवृत्त हो गए कर्मचारियों के दिनांक 31.03.2014 तक के सांविधिक देयों के समापन के लिए सरकार ने एचईसी को सितम्बर, 2014 में ₹47.89 करोड़ का ऋण स्वीकृत किया है।

*******